# आकाशवाणी शिमला

## 02.03.2025 / प्रादेशिक समाचार / 09.20 बजे

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कल आठ विभागों के 66 प्रमुख प्रदर्शन संकेतक (केपीआई) की प्रगति व प्रदर्शन की निगरानी के लिए सीएम डैशबोर्ड का शुभारम्भ किया। इसे डिजिटल प्रौद्योगिकी व गवर्नेंस विभाग द्वारा विकसित किया गया है। केपीआई से विभिन्न विभागों के लाभार्थियों की सटीक जानकारी एक मंच पर उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि वह व्यक्तिगत रूप से इस डैशबोर्ड के माध्यम से विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की निगरानी करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार के इस कदम से शासन में पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ेगी तथा डेटा एकत्रिकरण और विश्लेषण सुव्यवस्थित होगा। उन्होंने कहा कि सीएम डैशबोर्ड में इन विभागों के 11 लाख से अधिक लाभार्थियों का डेटा उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि सभी सरकारी विभागों को सीएम डैशबोर्ड के दायरे में लाया जाएगा तथा केपीआई की संख्या भी बढ़ाई जाएगी।

-----

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू आज एक दिवसीय दौरे पर नई दिल्ली जाएंगे। मुख्यमंत्री पार्टी हाईकमान और केंद्रीय नेताओं से भेंट कर विभिन्न मुद्दों पर विचार–विमर्श करेंगे।

-----

चंबा जिला में पटवारी व कानूनगो राज्य केडर की अधिसूचना को रद्द करने की मांग को लेकर संघर्षरत हैं। जिला में करीब 400 पटवारी व कानूनगो हड़ताल पर हैं जिससे पटवारखाने खाली हो गए हैं और लोगों के रोजमर्रा के काम प्रभावित हो रहे हैं। हाल ही में बारिश से प्रभावित इलाकों का भी आकलन अभी तक नहीं हुआ है पटवारी कानूनगो महासंघ के महासचिव जितेंद्र शर्मा ने कहा की अपनी मांगो को लेकर यह वर्ग पिछले कई दिनों से संघर्ष कर रहा है लेकिन सरकार ने अभी तक उनकी सुनवाई नहीं की है। उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने बताया कि हड़ताल पर बैठे पटवारी कानूनगो से बात की जाएगी कि बारिश से प्रभावित इलाकों के रिलीफ के मामले लंबित न किए जाएं।

-----

छोटी काशी अंतरराष्ट्रीय महाशिवरात्रि महोत्सव की तीसरी सांस्कृतिक संध्या में नगर व ग्राम नियोजन, तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक व औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री राजेश धर्माणी ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। उनके साथ धर्मपुर के विधायक चंद्र शेखर, एचपीएमसी के अध्यक्ष संजीव गुलेरिया और अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे। उपायुक्त व अध्यक्ष छोटी काशी अंतरराष्ट्रीय महाशिवरात्रि महोत्सव समिति अपूर्व देवगन ने मुख्य अतिथि को सम्मानित किया।

-----

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश भागों में आज दिन की शुरूआत खिली धूप के साथ हुई है। किन्नौर, चंबा तथा कुल्लू में भी आज मौसम साफ बना हुआ है। हालांकि पिछले दिनों हुई भारी बारिश, बर्फबारी व भूस्खलन से प्रभावित जनजीवन धीरे–धीरे पटरी पर लौट रहा है। प्रदेश में अभी भी चार राष्ट्रीय उच्च मार्गों सहित चार सौ 80 सड़कें यातायात के लिए बाधित हैं जिन्हें खोलने का कार्य प्रगति पर है। इसके अलावा बिजली के लगभग दो हजार ट्रांसफार्मर और पानी की चार सौ से अधिक योजनाएं ठप्प हैं। मौसम विभाग ने 3 मार्च को कुछ क्षेत्रों में भारी वर्षा व बर्फबारी का ऑरेंज अर्लट जारी किया गया है।

इस बीच कुल्लू की उपायुक्त तोरूल एस रवीश ने भारी वर्षा से क्षतिग्रस्त हुए क्षेत्रों शास्त्री नगर, सरवरी तथा पुराना अखाड़ा का नुकसान का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। उपायुक्त ने निर्देश दिए कि ड्रेनेज नालों तथा उनपर बनी कलवर्ट की चौड़ाई, सुनिश्चित करें ताकि नालों में अतिक्रमण न हो। उन्होंने कहा कि भविष्य के लिए रात में सड़क बहाली के लिए एक जेसीबी स्टैंडबाई में रखने के निर्देश दिए।

.....

**सुर्खियां समाचार पत्रों से :-**

अमर उजाला मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू के हवाले से लिखता है– **हिमाचल में नशा तस्करी में संलिप्त सरकारी कर्मी होंगे बर्खास्त।** हिमाचल दस्तक का शीर्षक है–**नशे के खिलाफ बजट सत्र में लाएंगे एंटी ड्रग एक्ट।**

**दैनिक जागरण की एक खबर है– अध्यक्ष पद पर बनी रहेंगी प्रतिभा, 15 दिन में गटित होगी कार्यकारिणी।**

**हर महीने मिलेगी सामाजिक सुरक्षा पेंशन** शीर्षक से दिव्य हिमाचल लिखता है–कैग ऑडिट रिपोर्ट की सिफारिश के अनुसार मुख्य सचिव ने शुरू की प्रकिया।

मौसम पर पंजाब केसरी की सुर्खी है– **आज रात से फिर सकिय होगा पश्चिमी विक्षोभ, सोमवार को ऑरेंज अलर्ट। दैनिक भास्कर के शब्द हैं– 3 दिन लगातार बर्फबारी व बारिश के बाद 480 सड़कें, 2001 टांसफार्मर ठप्प।**

.................